**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हरियाणा  और राजस्थान का दौरा जाएंगे। दोपहर में प्रधानमंत्री पानीपत में **बीमा सखी योजना** की शुरुआत करेंगे। यह योजना 18 से 70 वर्ष तक की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए है, जिन्होंने दसवीं कक्षा पास की है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री करनाल में **महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय** के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए एक बागवानी महाविद्यालय और बागवानी के दस विषयों को कवर करने के लिए पांच विद्यालय होंगे।  राजस्थान में प्रधानमंत्री जयपुर प्रदर्शनी और सम्मेलन केन्द्र में **राइजिंग राजस्थान वैश्विक सम्मेलन** का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे वहां मौजूद लोगों को सम्बोधित भी करेंगे।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पानीपत से शुरू की जाने वाली बीमा सखी योजना को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमा सखी योजना से महिलाएं और सशक्त होंगी व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वह ऐतिहासिक नगरी पानीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काल होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार हमेशा से गंभीर रही है व प्रधानमंत्री की महिलाओं को सशक्त करने की प्राथमिकता रही है। सरकार महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह  के माध्यम से भी महिलाओं के जीवन स्तर को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति विधेयक पारित करवाकर महिलाओं को और सशक्त बनाया है। कुछ राजनीतिक दल इसका विरोध

कर रहे थे लेकिन अब महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए सरकार कार्य कर रही है।
*********************************************************************
प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि दूरदर्शन का वेव ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म परिवार के हर सदस्य के लिए स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराएगा। साथ ही यह व्यापक श्रोता वर्ग तक लोक प्रसारक की पहुंच बढाने में भी सहायक होगा। अहमदाबाद दूरदर्शन केंद्र के दौरे में उन्होंने कहा कि वेव ओ.टी.टी प्लेटफार्म से दर्शकों को दूरदर्शन के पुराने लोकप्रिय कार्यक्रमों का आनन्द उठाने का भी अवसर मिलेगा।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार मजबूती से कार्य कर रही है। कुछ राजनीतिक दल किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें वे सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री कल पानीपत में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मजबूती व तेजी से किसानों के हित में फैसले लिए हैं। किसानों को सशक्त किया है। किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की शत प्रतिशत फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है। जिस का लाभ छोटे किसानों को भी मिल रहा है। इसमें सब्जी बोने वाले किसान मुख्य रूप से शामिल है।

*************************************************************

कलाग्राम में चल रहे 14वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेले का आज अंतिम दिन है। आज मेले का समापन, बॉलीवुड गायक अमित कुमार के धमाल से होगा। अमित कुमार शाम 7 बजे लाइव प्रस्तुति देंगे। कल शाम प्रसिद्ध गायक हरभजन मान ने संगीत प्रेमियों को अपने सुरों पर झूमने पर मजबूर किया। आज सुबह से लेकर शाम तक मंच पर कई तरह की गतिविधियां जारी रहेंगी।

**************************************************************

कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि 11 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य मंच पर द्रौपदी के रुप में नजर आएंगी। यह फिल्म अभिनेत्री पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मे आएंगी। इस फिल्म अभिनेत्री ने स्वयं महोत्सव में आने का वीडियो क्लिप भी जारी किया है। फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि और उनकी टीम के सदस्य मुख्य मंच पर सायं के समय महाभारत पर आधारित नाटक द्रौपदी की प्रस्तुति देंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आज एन.जेड.सी.सी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कल प्रसिद्घ कलाकार मनीषा द्वारा महाभारत पर आधारित रेत की कलाकृति की प्रस्तुति होगी और डा. कुमार विश्वास एवं अन्य कवियों का सम्मेलन होगा।

**************************************************************